**प्रेस नोट**

**<u>दिनांक 07.05.2025</u>**

# 28वीं अन्तर्जनपदीय हैण्डबॉल क्लस्टर (महिला/ पुरुष) प्रतियोगिता वर्ष 2025 का समापन ।

आज दिनांक 07.05.2025 को श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन के निर्देशानुसार श्रीमान पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर के द्वारा तीन दिवसीय, 28वीं अन्तर्जनपदीय हैंडबॉल/बॉस्केटबॉल क्लस्टर (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता वर्ष 2025 का समापन किया गया। यह प्रतियोगिता दिनांक 05.05.2025 से 07.05.2025 तक आयोजित की गई, जिसमें प्रयागराज जोन के अंतर्गत आने वाले 08 जनपदों में से 06 जनपदों की महिला एवं पुरुष टीमों ने भाग लिया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक, हमीरपुर द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली समस्त टीमों एवं उनके प्रशिक्षकों से संवाद कर खेल भावना, अनुशासन एवं मर्यादा के प्रति सजग रहने हेतु निर्देशित किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में बॉस्केटबॉल पुरूष वर्ग प्रतियोगिता में जनपद प्रतापगढ विजेता तथा जनपद हमीरपुर उपविजेता रही, वहीं हैंडबॉल पुरूष प्रतियोगिता मे जनपद प्रयागराज विजेता तथा जनपद हमीरपुर उपविजेता रही। वही बॉस्केटबॉल महिला वर्ग प्रतियोगिता में प्रयागराज विजेता तथा जनपद हमीरपुर उपविजेता रही, हैंडबॉल महिला वर्ग में हमीरपुर विजेता तथा प्रयागराज उपविजेता रही।

इस अवसर पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक, हमीरपुर द्वारा विजेता एवं उपविजेता सहित सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी मौदहा तथा प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस लाइन जनपद हमीरपुर उपस्थित रहें।